सुविचार

ऐसा होना चाहिए कि रास्ते में कितने भी काटें क्यों न हो आपका ध्यान नहीं भटकना चाहिए।

दैनिक
# पंचकूला ऑब्जर्वर
सच की सीधी आवाज

वर्ष : 1 | अंक : 9 | पंचकूला। शुक्रवार, 13 फरवरी 2026 | www.panchkulaobserver.com | मूल्य : 3 रुपए | RNI No. : HRBIL/25/4317 | पृष्ठ : 4



## विक्टोरिया वॉरियर्स और पंचकूला लवर्स फाइनल में पहुंचे

**पंचकूला।** ताऊ देवीलाल खेल स्टेडियम में आयोजित तीजमाल क्रिकेट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल मुकाबले रोमांचक रहे। पहले सेमीफाइनल में सीएल चैंप्स और विक्टोरिया वारियर्स के बीच मुकाबला हुआ। सीएल चैंप्स की टीम ने 17.3 ओवर में 10 विकेट खोकर 133 रन बनाए। जवाब में विक्टोरिया वॉरियर्स की टीम ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए मात्र 9.3 ओवर में 2 विकेट के नुकसान पर 139 रन बनाकर फाइनल में प्रवेश कर लिया।

दूसरा सेमीफाइनल सनराइज क्रिकेट एकेडमी और पंचकूला लवर्स के बीच खेला गया। सनराइज क्रिकेट एकेडमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 196 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए पंचकूला लवर्स की टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 16.5 ओवर में 3 विकेट खोकर 200 रन बनाते हुए मैच अपने नाम कर लिया और फाइनल में जगह बनाई। लैंडमार्क क्राफ्ट की ओर से यह आयोजन किया गया। टूर्नामेंट के आयोजक पंकज लिड्?डू एवं विपिन लिड्?डू ने बताया कि अब फाइनल मुकाबला 24 फरवरी को पंचकूला लवर्स और विक्टोरिया वारियर्स सहारनपुर के बीच ताउ देवी लाल खेल स्टेडियम में खेला जाएगा। प्रदेश के कई गणमान्य अतिथि फाइनल मैच में भाग लेने पहुंचेंगे। इस अवसर पर समाजसेवी निर्मल चंद धीमान एवं रंजीत सिंह ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। उनके साथ सुभाष मुंशी, पंकज धीमान, विजय पसरीजा, पवन, अशोक आर्य, रमेश सैनी, विनय अरोड़ा और सुभाष बंसल भी उपस्थित रहे।

# कर्मचारी संगठनों व मजदूर संगठनों का प्रदर्शन

## नया बीज विधेयक 2025 और बिजली निजीकरण का विरोध, सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी

पंचकूला ऑब्जर्वर

**पंचकूला 12 फरवरी।** भारत की केन्द्रीय ट्रेड यूनियनों व कर्मचारी संघो के आह्वान पर होने वाली देशव्यापी हड़ताल में पंचकूला में भी कर्मचारी संगठनों व मजदूर संगठनों से जुड़े कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या मे हड़ताल की और शहर मे जुलुस निकाला। कार्यकर्ता प्रातः सेक्टर 5 के धरना स्थल पर इकठ्ठे हुए तथा सभा की जिसकी अध्यक्षता सकसं हरियाणा के नेता नितिन सिंगला, सीटू नेता रमा, इंटक नेता बलवान सिंह, एटक नेता हरबंस लाल, रिटायर्ड कर्मचारी संघ के नेता लैक सिंह किसान नेता कामरेड वेद प्रकाश व गुरप्यार सिंह ने संयुक्त रूप से व संचालन सर्वकर्मचारी संघ के जिला सचिव विजपाल ने किया।



सभा को सम्बोधित करते हुए श्रवण कुमार जांगड़ा, नसीब जाखड़ और राजीव चौहान ने कहा कि देश के स्तर पर मोदी सरकार विदेशी देशी वित्तीय पूंजि के दबाव में आकर किसान, मजदूर, कर्मचारी व आम जनता विरोधी नीतियां थोप रही है, परिणाम स्वरूप किसान को न्यूनतम समर्थन मूल्य नहीं दे रही है , नया बीज विधेयक 2025 व बिजली निजीकरण विधेयक 2025 व नया मंडी कानून प्रारूप 2025 लाकर किसानों को बर्बाद कर रहे हैं। यूरोपियन यूनियन व अमेरिका से जो व्यापार समझौते हो रहे हैं, वे हमारी खेती व व्यापार को बर्बाद कर देंगे।

सोनू नागर, जोगिंदर सिंह और राय सिंह ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि मजदूरों के तमाम सुरक्षा कानून खत्म करके चार कोड थोप दिए हैं, मनरेगा कानून समाप्त कर दिया, सार्वजनिक क्षेत्र बैंक बीमा सहित तमाम क्षेत्रों का निजीकरण किया जा रहा है, स्थायी पदों को समाप्त कर रहे हैं। बजट भी खेती के विकास व रोजगार व कल्याणकारी योजनाओं पर लगातार कटौती कर रहे हैं। कारपोरेट घरानों को लाभ पहुंचाया जा रहा है । कच्चे कर्मचारियों को पक्का नहीं किया जा रहा है। सरकारी ठेका प्रथा शुरू कर रखा है । पुरानी पैंशन खत्म कर दी है । बुढापा , विकलांग, विधवा सम्मान पैंशन खत्म की जा रही है । गरीबों के राशन कार्ड काटे जा रहे हैं । भवन निर्माण मजदूरों की कल्याणकारी योजनाओं को खत्म कर दिया। आज मजदूरों किसानों की रोजी रोटी पर हमला कर दिया ।

कर्मचारियों ने धरना स्थल से शहर के सभी विभागों के मुख्यालयों से होते हुए वापिस धरना स्थल पहुंचे तथा हड़ताली कर्मचारियों मजदूरों ने लेबर सहिताएं वापिस लेने की मांग की।

आज की हड़ताल को विपक्षी राजनीतिक दलों ने भी अपना समर्थन दिया। माकपा नेता रणधीर सिंह साथी, भाकपा जिला सचिव मामचंद बासिया और कांग्रेस जिला अध्यक्ष संजय चौहान ने धरना स्थल पर पहुंच कर सभा को सम्बोधित किया और हड़ताल के मांग मुद्दों का समर्थन किया। सभा को आंगनवाड़ी नेता सुनीता मान, मिड डे मील नेता संगीता, अनिल सांगवान, विजय पाल, जय नारायण, रामचंद्र, बलवान सिंह, जगबीर सिंह, रामपाल मलिक, राम सिंह, सतबीर धनखड़, ताराचंद कादयान, हरबंस आदिवाल, राजेश ढांडा, मंजीत सिंह, रामदेव पटेल आदि नेताओं ने संबोधित किया।

## फर्जी ऑनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर 1.50 करोड़ की साइबर ठगी मामले में चौथा आरोपी राजस्थान से काबू

- 3 आरोपी पहले ही न्यायिक हिरासत में

**पंचकूला / 12 फरवरी।** साइबर अपराधों पर सख्त कार्रवाई करते हुए थाना साइबर अपराध सेक्टर-20 पंचकूला की टीम ने एसआई भूप सिंह के नेतृत्व में फर्जी ऑनलाइन ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म के माध्यम से लोगों से धोखाधड़ी करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

मामला तब सामने आया जब शिकायतकर्ता ने साइबर पोर्टल पर शिकायत दर्ज करवाई कि टेलीग्राम के माध्यम से संपर्क कर उसे विदेशी ट्रेडिंग कंपनी के नाम पर निवेश का झांसा दिया गया। आरोपी द्वारा फर्जी आईडी और नकली ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म दिखाकर अलग-अलग बैंक खातों में लाखों रुपये ट्रांसफर करवा लिए गए। शिकायत मिलते ही साइबर पुलिस ने तुरंत तकनीकी जांच शुरू की। बैंक खातों, मोबाइल नंबरों और डिजिटल ट्रांजेक्शन का गहन विश्लेषण किया गया। जांच के दौरान आरोपी विशाल कुमार निवासी हनुमानगढ़ (राजस्थान) को गिरफ्तार किया गया। जांच में बरामद आरोपी से 15 एटीएम/डेबिट कार्ड , 19 चेकबुक , 5 मोबाइल फोन व विभिन्न बैंक खातों से संबंधित दस्तावेज प्राप्त हुए हैं। आरोपी से बरामद बैंक डिटेल से करीब 5 करोड़ रुपए के साइबर धोखाधड़ी का लेनदेन सामने आया है व आरोपी विशाल कुमार पहले भी तमिलनाडु राज्य के एक अन्य साइबर धोखाधड़ी मामले में जेल में जा चुका है, पुलिस नेटवर्क से जुड़े अन्य आरोपियों को ट्रेस के रही है।



आरोपी को माननीय अदालत में पेश कर 4 दिन का पुलिस रिमांड लिया गया है तथा मामले में अन्य संलिप्त व्यक्तियों की तलाश जारी है। साइबर पुलिस की आमजन से अपील , अनजान लिंक या टेलीग्राम/व्हाट्सऐप ग्रुप के माध्यम से निवेश न करें। किसी भी प्लेटफॉर्म में निवेश से पहले उसकी वैधता की जांच अवश्य करें। बैंकिंग/ओटीपी संबंधी जानकारी किसी से साझा न करें।



## पार्टी कार्यकर्ताओं की मेहनत और समर्पण ही भाजपा की सबसे बड़ी ताकत है : सुभाष सुधा

पंचकूला ऑब्जर्वर

**पंचकूला।** भाजपा की वरिष्ठ महिला वर्कर रुपाली विनीत जैन ने हरियाणा के पूर्व मंत्री और प्रमुख भाजपा नेता सुभाष सुधा से शिष्टाचार भेंट की। मुलाकात के दौरान भाजपा नेता ने संगठन की मजबूती, आगामी कार्यक्रमों तथा जनसंपर्क गतिविधियों को लेकर विस्तार से चर्चा कर महत्त्वपूर्ण जानकारी प्रदान की।इस दौरान विशाल सुधा, विनीत जैन, डेजी गर्ग, यशपाल गोयल और कई कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

भाजपा नेता सुभाष सुधा ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं की मेहनत और समर्पण ही भाजपा की सबसे बड़ी ताकत है। सुभाष सुधा ने भी संगठन को बूथ स्तर तक और मजबूत करने पर जोर दिया। उन्होंने रूपाली जैन से कहा वह अपनी महिला टीम के साथ जनता के बीच जाकर सरकार की नीतियों और योजनाओं की जानकारी पहुंचाने का काम करें ताकि आगामी नगर निगम चुनाव में पार्टी को इसका लाभ मिल सके।

## अलकेमिस्ट ओजस हॉस्पिटल, पंचकूला ने 50 सफल टीएवीआर करने की घोषणा की

**पंचकूला।** अलकेमिस्ट ओजस हॉस्पिटल, पंचकूला ने गुरुवार को 50 सफल ट्रांसकैथेटर एओर्टिक वाल्व रिप्लेसमेंट (टीएवीआर) करने की घोषणा की।

आज यहां एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए, डायरेक्टर-इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजी विभाग, ओजस हॉस्पिटल, पंचकूला (अलकेमिस्ट हॉस्पिटल्स, पंचकूला की इकाई) डॉ. रजत दत्ता ने कहा, टीएवीआर एक मिनिमली इनवेसिव (कम चीरा लगाने वाली) जीवन रक्षक प्रक्रिया है, जिसका उपयोग गंभीर एओर्टिक स्टेनोसिस के उपचार के लिए किया जाता है, विशेष रूप से उन बुजुर्ग और उच्च-जोखिम वाले मरीजों में जो ओपन-हार्ट सर्जरी के लिए उपयुक्त नहीं होते। इस प्रक्रिया से मरीजों को ?ास्ट रिकवरी, अस्पताल में कम समय के लिएएडमिशन और बेहतर जीवन गुणवत्ता मिलती है।

डॉ. रजत दत्ता ने आगे कहा की 50 सफल टीएवीआर प्रक्रियाएँ पूर्ण करना हमारी पूरी कार्डियक टीम के लिए गर्व का क्षण है। टीएवीआर ने विशेष रूप से बुजुर्ग और उच्च-जोखिम वाले मरीजों के लिए एओर्टिक वाल्व रोग के उपचार में क्रांतिकारी बदलाव लाया है। ओजस हॉस्पिटल में हम अत्याधुनिक तकनीक और साक्ष्य-आधारित उपचार प्रोटोकॉल के माध्यम से सर्वोत्तम परिणाम सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

डायरेक्टर इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजी विभाग, अलकेमिस्ट हॉस्पिटल, पंचकूला डॉ. रोहित पारती ने कहा, ÷यह उपलब्धि हमारी मल्टीडिसिप्लिनरी हार्ट टीम की मजबूती को दर्शाती है, जिसमें इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट, कार्डियक एनेस्थेटिस्ट, इमेजिंग विशेषज्ञ और क्रिटिकल केयर विशेषज्ञ शामिल हैं। सीनियर कंसल्टेंट इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट एवं इलेक्ट्रो फिजियोलॉजिस्ट डॉ. देवेंद्र सिंह बिष्ट, ने कहा, टीएवीआर उन मरीजों के लिए नई आशा लेकर आया है जिनके पास पहले सीमित उपचार विकल्प थे। यह प्रक्रिया जोखिम को कम करती है, तेज़ रिकवरी सुनिश्चित करती है और मरीजों की कार्यक्षमता में उल्लेखनीय सुधार लाती है।

सीनियर कंसल्टेंट-इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजी डॉ. मनीष विनायक, ने कहा, हमारा मुख्य फोकस हमेशा मरीजों की सुरक्षा, सटीकता और दीर्घकालिक परिणामों पर रहा है।

## ईओ का सख्त एक्शन : नाला निर्माण में गड़बड़ी पर जवाब तलब, दो दिन में ठीक करवाने के निर्देश

पंचकूला ऑब्जर्वर

**कालका।** नगर परिषद कालका के कार्यकारी अधिकारी (ईओ) विकास कौशिक ने रेलवे रोड के पास नाले के निर्माण में सामने आई अनियमितताओं को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों से जवाब तलब किया है। स्थानीय दुकानदारों की शिकायत पर संज्ञान लेते हुए ईओ ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि दो दिन के भीतर सड़क और नाले का लेवल दुरुस्त किया जाए, ताकि बरसाती या गंदा पानी दोबारा दुकानों में प्रवेश न करे। दुकानदारों के अनुसार, निर्माण के दौरान सड़क का स्तर सही नहीं रखा गया, जिसके कारण नाला भरने पर पानी सीधे दुकानों में घुस जाता है। मामले की गंभीरता को देखते हुए ईओ ने मौके पर ही अधिकारियों को सुधार कार्य के आदेश दिए।



### अवैध निर्माण और कालोनियों पर सख्त रुख

विकास कौशिक ने बिना नक्शा पास कराए बनी अवैध कालोनियों और सरकारी जमीन पर हो रहे निर्माण पर भी सख्ती दिखाई है। उन्होंने चेतावनी दी कि गैरकानूनी निर्माण किसी भी हाल में नहीं चलने दिए जाएंगे। इस बयान के बाद बिल्डरों और कब्जाधारियों में हलचल मच गई है। ईओ विकास कौशिक की सख्त कार्यशैली से साफ संकेत मिल रहे हैं कि कालका और पिंजौर में अब अव्यवस्था, अतिक्रमण और लापरवाही के खिलाफ अभियान तेज होगा। नगर परिषद प्रशासन ने स्पष्ट कर दिया है कि नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई तय है।

शहर में बनी एक लाइब्रेरी की टाइलें गिरने की शिकायत मिलते ही विकास कौशिक ने तुरंत संज्ञान लिया और नगर परिषद के कर्मचारियों से तुरंत टाइलें उतरवाकर ठीक करवाया, ताकि कोई हादसा ना हो। उन्होंने साफ कहा कि निर्माण कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**औचक निरीक्षण से मचा हड़कंप**

ईओ ने सरकारी अमले के साथ शहर के विभिन्न हिस्सों में औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जहां-जहां गंदगी, अवैध कब्जे और अव्यवस्थित रेहड़ी-फड़ी नजर आई, वहीं मौके पर ही सख्त निर्देश जारी किए गए। उन्होंने दो टूक कहा कि पिंजौर और कालका में सड़क, फुटपाथ और सार्वजनिक स्थानों पर अतिक्रमण बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हालांकि रेहड़ी-फड़ी वालों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था के तहत वेंडिंग जोन विकसित किए जाएंगे, जहां वे नियमों के तहत अपना व्यवसाय कर सकेंगे।

## श्री श्याम परिवार ट्रस्ट ने 200 लोगों की आंखों के निःशुल्क आपरेशन करवाए

पंचकूला ऑब्जर्वर

**पंचकूला।** श्री श्याम परिवार ट्रस्ट सेक्टर 14 पंचकूला की प्रबंधन समिति ने 4 जरूरतमंद आंखों के रोगियों के सफेद मोतियाबिंद का निःशुल्क आपरेशन करवाया। अब तक 200 रोगियों का सफल आपरेशन करवा चुके हैं। आपरेशन उपरांत चश्मा तथा जरूरी दवाई भी मरीजों को निशुल्क दी जा रही है।

प्रदीप गर्ग ने बताया कि संस्था द्वारा यह ऑपरेशन एक निजी अस्पताल में जो की आधुनिक मशीनों से लेस है एवं अनुभवी आंखों के पोस्ट ग्रेजुएट डॉक्टर द्वारा किए गए हैं। ज्ञात रहे यह संस्था करोना काल की त्रासदी से पीड़ति लोगों की जरूरतों परिणाम स्वरूप जन्म हुआ था। इस संस्था में पंचकूला के साधन संपन्न एवं प्रबुद्ध समाजसेवियों और दानी सज्जनों के सहयोग से पिछले 4 वर्षों से समाज के निर्धन एवं जरूरतमंद रोगियों रोगियों की जांच मात्र 11 रुपये डाक्टर की फीस में किया जाता है और जांच के बाद डॉक्टरों द्वारा लिखी गई दवाई भी ?11 प्रतिदिन के हिसाब से दी जाती है। अस्पताल में मेडिसिन सर्जरी, नाक कान और गला, स्त्री रोग, बच्चों की बीमारियां, आंखों की बीमारियां , हड्डियों की बीमारियों त्वचा रोग के इलाज के लिए बहुत ही अनुभवी डॉक्टरों तथा विशेषज्ञों किया जाता है। दांतों के विभाग में दांतों में प्रतिदिन होने वाली समस्याओं के इलावा दांतों के इंप्लांट लगाने तथा टेढ़े-मेढ़े दांतों को ठीक करने का इलाज भी बहुत ही किफायती रेट पर उपलब्ध है।



यह बताना भी बहुत जरूरी है कि इसके अतिरिक्त आधुनिक फिजियोथैरेपी लैब, खून की तथा अन्य जांच के लिए लेटेस्ट ऑटोमेटिक मशीने तथा उपकरण, एकसरे प्लांट, ईसीजी इत्यादि की सुविधा भी किफायती दर पर उपलब्ध है। दूर-दूर से मरीज इस संस्था में आकर तसल्लीपूर्वक बहुत कम रेट में इलाज करवाते हैं। क्षेत्र तथा शहर में संस्था द्वारा किए जा रहे आयोजित आंखों के निशुल्क आपरेशन की बहुत चर्चा है और समाज में आम लोगों की जुबान पर है। संस्था के इस प्रयास को हर वर्ग द्वारा बहुत सराहा जा रहा है।

## जमीन घोटाले मामले में एचएसवीपी के डिस्ट्रिक्ट रेवेन्यू ऑफिसर को मिली अंतरिम जमानत

पंचकूला ऑब्जर्वर

**पंचकूला।** अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश बिक्रमजीत अरोड़ा की अदालत ने उन्हें अंतरिम जमानत प्रदान करते हुए जांच में शामिल होने के निर्देश दिए हैं। साथ ही उनकी गिरफ्तारी पर भी फिलहाल रोक लगा दी गई है। गिरफ्तारी की आशंका को देखते हुए जोगिंदर शर्मा ने 6 फरवरी को अग्रिम जमानत याचिका दायर की थी। इस पर 11 फरवरी को सुनवाई हुई थी, जिसके बाद मामले को बहस के लिए 12 फरवरी तक स्थगित कर दिया गया था।

वीरवार को दोनों पक्षों के बीच लंबी बहस चली। बचाव पक्ष के अधिवक्ता दीपांशु बंसल ने अदालत में दलील दी कि एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) के पास ऐसा कोई ठोस साक्ष्य नहीं है, जिससे यह साबित हो सके कि जोगिंदर शर्मा की इस कथित घोटाले में कोई भूमिका है। उन्होंने कहा कि पीसी एक्ट की धारा 7ए के तहत आवश्यक अनुमति एसीबी के पास नहीं है। डिसक्लोजर रिपोर्ट की कानूनी वैधता पर भी सवाल उठाए गए। बचाव पक्ष ने यह भी तर्क दिया कि संबंधित जमीन पर्ल ग्रुप की थी, इसका कोई पुख्ता प्रमाण जांच एजेंसी के पास नहीं है और न ही किसी प्रकार की रिश्वत की मांग। स्वीकृति या बरामदगी का मामला सामने आया है।

एसीबी की ओर से सरकारी वकील ने जोगिंदर शर्मा को मुख्य साजिशकर्ता बताया। एसीबी का दावा है कि जमीन सौदे में अनियमितताओं के जरिए सरकारी नियमों की अनदेखी कर करोड़ों रुपये का अवैध लाभ कमाया गया। जांच एजेंसी ने अदालत को अवगत कराया कि इस प्रकरण में विक्रम सिंगला, डीआरओ जोगिंदर शर्मा और भिवानी निवासी नवीन की भूमिका संदिग्ध है।

वातावरण कृष्णमय


सेटर 10 मंदिर में भागवत कथा के तीसरे दिन सैकड़ों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी

## नारायण नाम के जाप से पापी भी मोक्ष प्राप्त करते हैं : स्वामी राम जी दास वशिष्ठ

पंचकूला ऑब्जर्वर

**पंचकूला।** नारायण के दिव्य नाम का उच्चारण पापी व्यक्ति भी पाप करने की प्रवृति से मुक्त हो सकता है और पापी भी मोक्ष को प्राप्त करता है। यह अनमोल प्रवचन सेक्टर 10 के सनातन धर्म मंदिर प्रांगण में वार्षिक मूर्ति स्थापना उत्सव के तीसरे दिन सैकड़ों श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़ को बरसाना वाले प्रसिद्ध कथावाचक परम पूज्य गुरुदेव स्वामी राम जी दास वशिष्ठ ने अपने मुखारविंद से व्यक्त किए।






स्वामी जी ने वेश्यावृत्ति में लिप्त अजामिल के प्रसंग को उद्धृत करते हुए बताया कि किस प्रकार ऋषियों के सुझाव पर अजामिल ने अपनी वैश्य पत्नी के नौवें पुत्र का नाम नारायण रखा और अपने पुत्र को ईश्वर के दिव्य नाम नारायण के संबोधन मात्र से मोक्ष प्राप्त हुआ। स्वामी जी ने बताया कि जो व्यक्ति ÷ओम नमो नारायण÷ का जाप श्रद्धा और नियमितता से करता है, उसे भगवान विष्णु की विशेष कृपा प्राप्त होती है और उस की सारी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। स्वामी राम जी दास वशिष्ठ ने कथा को आगे बढ़ाते हुए भरत चरित्र की व्याख्या करते हुए बताया कि भरत का चरित्र निस्वार्थता से परिपूर्ण है। राजत्व की शक्ति का आनंद लेने के बजाय, वह तपस्या का जीवन जीना चुनता है और राम के लौटने की प्रतीक्षा करता है। वह राम की सत्ता के प्रतीक के रूप में, उनकी सत्यनिष्ठा और निष्ठा को दर्शाते हुए, राम की पावनियों को सिंहासन पर रखता है। स्वामी जी ने कहा कि रामायण में राम के भाई भरत को सबसे धर्मनिष्ठ, न्यायप्रिय और बुद्धिमान माना जाता है।

स्वामी गुरु महाराज राम जी दास वशिष्ठ ने प्रहलाद के अद्भुत नारायण प्रेम का वर्णन करते हुए बताया कि देव ऋषि नारद मुनि ने प्रहलाद को उसकी माता के गर्भ में ही उपदेश दिया और ओम नमो भगवते वासुदेवाय और ओम नमो नारायण के दिव्य मंत्रों के जाप के लिए प्रेरित किया जिस के फलस्वरूप प्रहलाद ने जन्म लेने के तुरंत बाद पूर्ण निष्ठा से भगवान विष्णु के महादिव्य मंत्रों का गायन उच्चारण करना आरंभ कर दिया। बुधवार की कथा के अंत में स्वामी जी ने गजेंद्र मोक्ष के अद्भुत प्रसंग का उल्लेख करते हुए बताया कि गजेंद्र हाथी की कहानी का वैष्णव धर्म में बहुत बड़ा प्रतीकात्मक महत्व है। उन्होंने वर्णन किया कि गजेंद्र हाथी ने मगरमच्छ से अपनी जान बचाने के लिए भगवान विष्णु को सच्चे प्रेम भाव से मदद के लिए पुकारा और भगवान् विष्णु की मदद से, गजेंद्र हाथी ने मोक्ष यानि जन्म और मृत्यु के चक्र से मुक्ति प्राप्त की और देवता जैसा रूप प्राप्त कर भगवान् विष्णु के साथ वैकुंठ चला गया। इस अवसर पर गजेंद्र स्तुति का निर्माण हुआ जो केवल एक प्रार्थना नहीं है, बल्कि यह आत्मसमर्पण, भक्ति और विश्वास का प्रतीक है।

कथा के समापन पर इस पावन उत्सव के लिए जिन दानी सज्जनों ने अपना अमूल्य सहयोग दिया उन्हें मंदिर सभा की ओर से विशेष सम्मान चिन्ह से सम्मानित किया गया।

# आप सरकार पंजाब के लोगों की हर समस्या के समाधान के लिए प्रतिबद्धः सीएम भगवंत मान

■ मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान एक महीने में दूसरी बार जालंधर पहुंचे, लोक मिलनी के दौरान मौके पर ही किया शिकायतों का निपटारा



**जालंधर।** आम लोगों से सीधा संपर्क बनाए रखने संबंधी अपनी गतिविधियों को जारी रखते हुए पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने आज जालंधर में अपने निवास स्थान पर 'लोक मिलनी' कार्यक्रम आयोजित कर यहां के नागरिकों से मुलाकात की और उनकी शिकायतों का मौके पर ही निपटारा किया। इस पहल को एक ही प्लेटफॉर्म पर लोगों की शिकायतों के समाधान के लिए सबसे प्रभावी माध्यम बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब एकमात्र ऐसा राज्य है जहां राज्य का मुखिया व्यक्तिगत रूप से लोगों से मिलकर उनके मुद्दों का मौके पर ही निपटारा सुनिश्चित करता है।

इस बात पर जोर देते हुए कि 'आप' सरकार पूरी ईमानदारी और जवाबदेही के साथ लोगों की हर समस्या का समाधान करने के लिए प्रतिबद्ध है, मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि लोक मिलनी कार्यक्रम सरकार और जनता के बीच एक मजबूत पुल के रूप में काम करता है, जो जवाबदेह और पारदर्शी शासन को सुनिश्चित करता है, और इसे आगे भी इसी तरह जारी रखा जाएगा।

इस दौरान मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि लोक मिलनियां एक ही प्लेटफॉर्म पर लोगों की शिकायतों का निपटारा करने और सुचारू शासन संबंधी जनता से फीडबैक लेने के लिए सबसे बेहतरीन तरीकों में से एक हैं। उन्होंने कहा कि देश भर में शायद ही कहीं ऐसी नागरिक-केंद्रित पहल देखने को मिले। उन्होंने कहा कि देश भर में ऐसा कोई अन्य राज्य नहीं है जो आम जनता की भलाई के लिए ऐसी लोक-केंद्रित पहल कर रहा हो। उन्होंने कहा कि यह रिकॉर्ड पर है कि लोक मिलनी कार्यक्रम समाज के हर वर्ग की शिकायतों के निपटारे में अधिक लाभदायक सिद्ध हो रहा है। उन्होंने कहा कि लोक मिलनी वास्तव में एक अनोखी पहल है जहां सरकार लोगों की समस्याओं के योजनाबद्ध समाधान के लिए उनसे व्यक्तिगत रूप से संपर्क करती है। इस पहल को पंजाब के लिए गर्व की बात बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह बहुत गर्व और संतुष्टि की बात है कि पंजाब एकमात्र ऐसा राज्य है जहां राज्य का मुखिया जनता की भलाई सुनिश्चित करने के लिए ऐसी मुहिम में व्यक्तिगत रूप से शामिल होता है। उन्होंने कहा कि जहां लोक मिलनी एक तरफ राज्य के सर्वांगीण विकास और लोगों की भलाई सुनिश्चित करती है, वहीं दूसरी तरफ सरकार को अपने अधिकारियों की कार्यक्षमता के बारे में अच्छी तरह जानने का अवसर प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि यह पूरे देश में अपनी तरह का पहला कार्यक्रम है क्योंकि किसी अन्य राज्य के मुख्यमंत्री लोगों से व्यक्तिगत रूप से मिलकर उनकी समस्याओं को जानने और उनके समाधान की कोशिश नहीं करते।

इस बात पर जोर देते हुए कि यह पहल पक्षपातपूर्ण विचारों से कहीं ऊपर की बात है, मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि लोक मिलनियों

## प्रगतिशील पंजाब निवेशक सम्मेलन 2026 का लोगो जारी, 13-15 मार्च को मोहाली में जुटेंगे वैश्विक निवेशक

# पंजाब को 1.5 लाख करोड़ का निवेश प्राप्त हुआ, 5 लाख से अधिक लोगों के लिए रोजगार के अवसर पैदा हुए : सीएम

पंचकूला ऑब्जर्वर




**चंडीगढ़।** प्रगतिशील पंजाब निवेशक सम्मेलन (पीपीआईएस) 2026 से महज 28 दिन पहले मुख्यमंत्री स. भगवंत मान द्वारा चंडीगढ़ में आयोजित एक उच्च-स्तरीय बैठक में सम्मेलन का आधिकारिक लोगो जारी किया गया है। बैठक में उद्योग और वाणिज्य मंत्री श्री संजीव अरोड़ा, पंजाब के मुख्य सचिव, वरिष्ठ सरकारी अधिकारी और इन्वेस्ट पंजाब के प्रतिनिधि शामिल थे। सम्मेलन की तैयारियों से जुड़े सभी प्रमुख विभाग भी समीक्षा बैठक के दौरान मौजूद थे।

यह सम्मेलन 13-15 मार्च 2026 को प्लाक्षा यूनिवर्सिटी, आईटी सिटी, मोहाली में आयोजित किया जाएगा और यह 'पंजाब मीन्ज बिजनेस- पॉलिसी टू प्रैक्टिस' थीम पर केंद्रित है। यह थीम नीति घोषणाओं से आगे संरचनात्मक कार्यान्वयन, लक्षित परिणामों और निवेशक-केंद्रित प्रशासन की ओर बढ़ने के प्रति पंजाब सरकार की दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

नया लॉन्च किया गया लोगो पंजाब की आर्थिक शक्ति, तकनीकी प्रगति, स्थिरता और विकास की गति को दर्शाता है। इस डिजाइन में औद्योगिक विस्तार, डिजिटल प्रशासनिक सुधार, समग्र विकास और लचीलापन शामिल है, जो पंजाब के एक प्रगतिशील, सुधार-प्रेरित और निवेश-अनुकूल माहौल को प्रदर्शित करता है।

बैठक के दौरान, उद्योग और वाणिज्य मंत्री संजीव अरोड़ा ने मुख्यमंत्री को सम्मेलन की तैयारियों की प्रगति के बारे में अवगत करवाया, जिसमें आउटरीच गतिविधियां, बुनियादी ढांचे संबंधी तैयारियां, भागीदार देशों के साथ समन्वय और विभागीय तैयारियां शामिल हैं। इस तीन दिवसीय आयोजन के निर्विघ्न संचालन को सुनिश्चित करने के लिए स्थान और प्रमुख लॉजिस्टिकल तैयारियों की व्यापक समीक्षा की गई।

उन्होंने आगे बताया कि अब तक आयोजित राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय रोड शो के दौरान राज्य को दुनिया भर के उद्योगपतियों और प्रमुख भागीदारों से उत्साहजनक समर्थन मिला है। प्रमुख भारतीय शहरों और वैश्विक निवेश केंद्रों में भागीदारी ने पंजाब की बेहतर शासन प्रणाली, मजबूत बुनियादी ढांचे और क्षेत्रीय विकास के अवसरों में निवेशकों के विश्वास को और मजबूत किया है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा, यह सम्मेलन साझेदारी, सह-निर्माण और कार्यान्वयन के लिए एक मंच के रूप में काम करेगा और यह सुनिश्चित करेगा कि नीतियां उद्योगों से परामर्श करके बनाई जाएं और निर्धारित समय-सीमाओं पर डिजिटल जवाबदेही प्रक्रियाओं के माध्यम से लागू की जाएं।

उन्होंने कहा पंजाब के सुधार-उन्मुख प्रशासन मॉडल के कारण पहले ही ठोस परिणाम सामने आए हैं। राज्य को लगभग 1.5 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं और 5 लाख से अधिक व्यक्तियों के लिए रोजगार के अवसर पैदा हुए हैं, जो पंजाब की नीतियों में विश्वसनीयता और मजबूत कार्यान्वयन क्षमता का प्रत्यक्ष प्रमाण है।

सम्मेलन का लोगो जारी करना इस आयोजन के लिए काफी महत्वपूर्ण है और यह स्थानीय तथा वैश्विक निवेशकों का स्वागत करने के लिए पंजाब की तैयारियों को दर्शाता है।

# पुलिस ने 10 इमिग्रेशन सेंटरों पर छापेमारी कर जाली पासपोर्ट व दस्तावेज किए जब्त

■ विदेश भेजने के नाम पर युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ किसी कीमत पर बदार्शत नही: एसएसपी डा. दर्पण



**खन्ना।** वीरवार की सुबह खन्ना पुलिस ने जिलें की एसपी एच गिल की अगुवाई बड़ी कार्रवाई करते हुए शहर के करीब 10 इमिग्रेशन व स्टडी सेंटरों पर एक साथ छापेमारी कर कंप्यूटर, एटीएम कार्ड चेक बूक, जाली पासपोर्ट व कई संदिग्ध दस्तावेज भी जब्त किए।

पुलिस द्वारा मामले की गहन जांच की जा रही है। इस बात का खुलासा एसएसपी खन्ना एसएसपी डा. दर्पण आहलूवालिया ने प्रेस वार्ता में किया ,पत्रकारों से बातचीत करते हुए एसएसपी ने बताया कि 10 विशेष पुलिस टीमों का गठन कर खन्ना के प्रमुख एजुकेशन हब जीटीबी मार्केट में स्थित इमिग्रेशन सेंटरों पर एक साथ रेड की गई। एसएसपी ने बताया कि ऑपरेशन प्रहार-2 के दौरान पुलिस को ठोस इनपुट मिला था, जिसके आधार पर यह विशेष अभियान चलाया गया। जिनके खिलाफ केस दर्ज कर लिए गए हैं। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए अलग-अलग टीमें गठित की गई हैं। एसएसपी ने आगे बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ इमिग्रेशन सेंटर संचालक गैंगस्टरों और आपराधिक तत्वों के साथ मिलीभगत कर फर्जी पासपोर्ट बनवाकर युवाओं को अवैध तरीके से विदेश भेजने में मदद कर रहे हैं। इसी गंभीर सूचना के आधार पर यह व्यापक कार्रवाई की गई। रेड के दौरान पुलिस को भारी मात्रा में संदिग्ध सामान बरामद हुआ। पुलिस ने मौके से 30 पासपोर्ट, 34 कंप्यूटर, लैपटॉप व टैब, 15 एटीएम कार्ड और 175 चेक बुक बरामद की, जिनमें से कई चेक बुक पहले से साइन की हुई थीं। इसके अलावा कई महत्वपूर्ण दस्तावेज और डिजिटल डाटा भी कब्जे में लिया गया है, जिसकी गहन जांच की जा रही है। यह बरामदगी अवैध लेन-देन और बड़े फर्जीवाड़े की ओर इशारा करती है।इस कार्रवाई के दौरान कई पीड़ित भी सामने आए, जो इन फर्जी इमिग्रेशन सेंटरों के झांसे में आकर अपनी जीवन भर की कमाई गंवा चुके हैं। पुलिस द्वारा उनके बयान दर्ज किए जा रहे हैं और उन्हें पूरा कानूनी सहयोग देने का भरोसा दिलाया गया है। प्रारंभिक जांच में यह भी सामने आया है कि कुछ इमिग्रेशन संचालकों के खिलाफ पहले से ही खन्ना, नवांशहर और नई दिल्ली में मामले दर्ज हैं। विदेश भेजने के नाम पर युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि खन्ना को अपराध मुक्त बनाने और अवैध गतिविधियों पर पूरी तरह अंकुश लगाने के लिए पुलिस पूरी प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। आने वाले समय में भी ऐसे सख्त अभियान जारी रहेंगे। इस अवसर पर डीएसपी खन्ना विनोद कुमार व डीएसपी डी अमृतलाल सिंह भी मौजूद थे,

# लुधियाना का कारोबारी 9 करोड़ रुपए के घोटाले में गिरफ्तार : हरपाल सिंह चीमा

पंचकूला ऑब्जर्वर



**चंडीगढ़।** दो महत्वपूर्ण मोर्चों पर निर्णायक कार्रवाई का ऐलान करते हुए पंजाब के वित्त, आबकारी एवं कराधान मंत्री एडवोकेट हरपाल सिंह चीमा ने पंजाब सरकार की वित्तीय ईमानदारी और प्रशासनिक जवाबदेही के प्रति प्रतिबद्धता को दोहराया। उन्होंने बताया कि लुधियाना के एक कारोबारी को 9 करोड़ रुपये के जीएसटी घोटाले में गिरफ्तार किया गया है, जबकि एक आबकारी एवं कर इंस्पेक्टर को लंबे समय से बिना सूचना के गैर-हाजिर रहने के कारण नौकरी से बर्खास्त कर दिया गया है।

यहां जारी प्रेस बयान के द्वारा वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने बताया कि स्टेट इंटेलिजेंस एंड प्रिवेंटिव यूनिट (सीआईपीयू), लुधियाना द्वारा की गई एक बड़ी कार्रवाई के दौरान कर विभाग ने मेसर्स एम.ए.ए. स्टील, लुधियाना के मालिक रोहित गुप्ता को गिरफ्तार किया है। केस का विवरण देते हुए उन्होंने कहा, कराधान विभाग ने एक बड़े जीएसटी घोटाले का पर्दाफाश किया है, जहां मेसर्स एम.ए.ए. स्टील द्वारा बिना किसी वास्तविक सप्लाई के एच.आर./सी.आर. कॉइल्स और स्ट्रिप्स के जाली इनवॉइस जारी किए जा रहे थे।

इस धोखाधड़ी वाले नेटवर्क के द्वारा 9 करोड़ रुपये से अधिक का इनपुट टैक्स क्रेडिट (आई.टी.सी.) विभिन्न लाभार्थियों को दिया गया, जिससे सरकारी खजाने को सीधा और बड़ा नुकसान हुआ। छापेमारी के दौरान विभाग की टीमों ने मौके पर मौजूद स्टॉक और फर्म के आधिकारिक बुक रिकॉर्ड में भी बडा अंतर पाया है। वित्त मंत्री ने आगे बताया कि इस मामले में जांच का दायरा और बढ़ाया जा रहा है।

उन्होंने कहा, ÷हम साइकिल पार्ट्स और स्पेयर पार्ट्स के कई निर्माताओं की जांच कर रहे हैं, जिनके इस घोटाले में शामिल होने का संदेह है।

# समाज सेवा के लिए प्रदीप गोयल सम्मानित



**पंचकूला।** विश्व हिंदू परिषद पंचकूला द्वारा समाज सेवा के क्षेत्र में निरंतर सक्रिय भूमिका निभाने वाले समाजसेवी प्रदीप गोयल को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उनसे 'समरसता भेंट' कर उनके सामाजिक योगदान की सराहनाभी की गई।

इस दौरान विभाग मंत्री शैलेश शर्मा, जिला अध्यक्ष कवर पाल सिंह, कोषाध्यक्ष जय भगवान वर्मा तथा जिला सेवा प्रमुख सतीश चावला विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी पदाधिकारियों ने प्रदीप गोयल के समाजहित में किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि वे सदैव जरूरतमंदों की सहायता के लिए तत्पर रहते हैं।

इस अवसर पर प्रदीप गोयल ने कहा कि वे समाज की सेवा के लिए हमेशा तैयार रहेंगे। उन्होंने कहा कि समाजहित का कोई भी कार्य हो या विश्व हिंदू परिषद का कोई दायित्व, वे उसे अपना प्रथम कर्तव्य समझते हुए पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाएंगे। उन्होंने संगठन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान उन्हें और अधिक जिम्मेदारी के साथ कार्य करने की प्रेरणा देता है। वक्ताओं ने कहा कि प्रदीप गोयल का विश्व हिंदू परिषद के प्रति समर्पण सराहनीय है। समाज और संगठन के कार्यों के लिए वे हर समय तैयार रहते हैं तथा जहां भी आवश्यकता होती है, वहां कंधे से कंधा मिलाकर खड़े नजर आते हैं। कार्यक्रम में प्रदीप गोयल के पुत्र मोहित गोयल भी उपस्थित रहे।

# आनंदपुर साहिब में 100 करोड़ की परियोजनाओं को रफ्तार देने के निर्देश

पंचकूला ऑब्जर्वर



**चंडीगढ़।** पंजाब के शिक्षा मंत्री स. हरजोत सिंह बैंस ने आज श्री आनंदपुर साहिब हलके में 100 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली बुनियादी ढांचे की विकास परियोजनाओं की प्रगति का जायजा लिया। इन परियोजनाओं में स्वां नदी और सतलुज दरिया पर बनाए जा रहे चार पुल शामिल हैं, जो 100 से अधिक गांवों और प?ोसी राज्य हिमाचल प्रदेश से संपर्क को बेहतर बनाएंगे।

रोपड़ जिला और संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ अपने कार्यालय में बैठक के दौरान स्वां नदी और सतलुज दरिया पर बनाए जा रहे चार पुलों की प्रगति की समीक्षा करते हुए स. बैंस ने कहा कि भल्लड़ी-खेड़ा कलमोट, एलगरां, कलितरां-बेला धियानी और बेला धियानी-पलासी स्थानों पर पुलों के निर्माण से आने-जाने का समय कम होगा, अंतर-राज्यीय व्यापार को प्रोत्साहन मिलेगा, क्षेत्र में आर्थिक विकास बढ़ेगा और स्थानीय निवासियों को बहुत लाभ होगा।

स. हरजोत सिंह बैंस ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन परियोजनाओं पर काम में तेजी लाई जाए और गुणवत्ता के उच्चतम मानकों को बनाए रखा जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि किसी भी प्रकार की लापरवाही या देरी की स्थिति में सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार की विकास और पंजाब के लोगों के लिए अत्याधुनिक बुनियादी ढांचा सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता को दोहराया।

## युद्ध नशे के विरुद्ध, 348वें दिन, पंजाब पुलिस ने 8 किलो हेरोइन सहित 171 नशा तस्कर गिरफ्तार

पंचकूला ऑब्जर्वर

चंडीगढ़। मुख्य मंत्री भगवंत सिंह मान की तरफ से राज्य में से नशे के खात्मे के लिए शुरु किए युद्ध नशे के विरुद्ध को लगातार 348वें दिन भी जारी रखते, पंजाब पुलिस ने आज 388 स्थानों पर छापेमारी की, जिस दौरान राज्य भर में 95 एफआईआरज दर्ज करके 171 नशा तस्करों को गिरफ्तार किया गया। इस के साथ 348 दिनों में गिरफ्तार किए गए कुल नसा तस्करों की संख्या 49,436 हो गई है।

इस छापेमारी दौरान गिरफ्तार किए गए नशा तस्करों के कब्जे में से 8.03 किलो हेरोइन, 500 ग्राम अफीम, 617 नशीली गोलियो/कैप्सूल और 1.27 लाख रुपए की ड्रग मनी बरामद की गई है। बता दे कि मुख्य मंत्री भगवंत सिंह मान द्वारा पुलिस कमिश्नरों, डिप्टी कमिश्नरों और सीनियर पुलिस सुपरडैंट को पंजाब को नशा मुक्त राज्य बनाने के लिए कहा गया है। पंजाब सरकार ने नशे के विरुद्ध जंग की निगरानी के लिए वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा के नेतृत्व में 5 सदस्यता कैबिनेट सब समिति का भी गठन किया है। इस आप्रेशन दौरान 73 गडटिड आधिकारियों की निगरानी में 1100 से अधिक पुलिस कर्मचारियों वाली 120 से अधिक पुलिस टीमों ने राज्य भर में 388 छापे मारे हैं। दिन भर चले इस आप्रेशन दौरान पुलिस टीमों ने 382 सकी व्यक्तियों की भी जांच की है। राज्य सरकार द्वारा सूबे में से नशे के खत्मे के लिए तीन- समर्थकी रणनीति - इनफोरसमैंट, डी-अडिकशन और प्रीवेन्शन (ईडीपी) - लागू की गई है और पंजाब पुलिस ने डी- अडिकशन हिस्से तौर पर आज 46 व्यक्तियों को नशा छुड़ाओ और पुनर्वास इलाज करवाने के लिए राजी किया है।

## पीएम श्री स्कूल गोधेवाला के 170 विद्यार्थियों का विधानसभा दौरा

# स्पीकर ने की दोपहर भोज पर मेजबानी

पंचकूला ऑब्जर्वर



**चंडीगढ़।** पंजाब विधान सभा के स्पीकर कुलतार सिंह संधवां ने आज पंजाब विधान सभा में शैक्षिक दौरा करने आए पीएम श्री सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, गोधेवाला (मोगा) के विद्यार्थियों से बातचीत की।

विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए स्पीकर ने कहा कि ऐसे दौरों का उद्देश्य युवाओं को लोकतांत्रिक संस्थाओं और संवैधानिक प्रक्रियाओं के बारे में जागरूक करना तथा उनमें रुचि पैदा करना है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए विद्यार्थियों को विधायी कार्यवाही को समझने के लिए प्रोत्साहित करना आवश्यक है।

इस अवसर पर नौवीं से बारहवीं कक्षा के लगभग 170 विद्यार्थियों ने पंजाब विधान सभा का दौरा किया। विद्यार्थियों ने स्पीकर से बातचीत करके उत्साह और खुशी व्यक्त की।

राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका को उजागर करते हुए, श्री संधवां ने कहा कि आज के विद्यार्थी पंजाब के भविष्य के नेता और नीति निर्माता हैं। इसके बाद उन्होंने अपनी रिहायश पर विद्यार्थियों के लिए दोपहर के भोजन की मेजबानी की, जहां उन्होंने अनौपचारिक रूप से बातचीत की और अपनी इच्छाओं को साझा किया।

पंजाब विधान सभा के कार्यों के बारे में बताते हुए, स्पीकर ने विद्यार्थियों को विधायी प्रक्रियाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी, जिसमें सदन में कानून बनाने, बहस करने और कानून पारित करने की प्रक्रिया शामिल थी। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि पंजाब के लोगों के लिए शांति, न्याय और समृद्धि सुनिश्चित करने के लिए समाज की जरूरतों और समस्याओं को ध्यान में रखकर कानून बनाए जाते हैं।

इस दौरे के दौरान डॉ. मंदीप कौर (वाइस प्रिंसिपल), तेजवंत सिंह संधू (लेक्चरर, राजनीति शास्त्र), चमकौर सिंह (लेक्चरर, भूगोल), जसविंदर कौर (लेक्चरर, अर्थशास्त्र), मनमोहन कौर (एसएसटी अध्यापक), जगसीर सिंह (वोकेशनल अध्यापक), वंधना कालड़ा (कंप्यूटर अध्यापक), जसतार सिंह (कैंपस मैनेजर) और कुलदीप सिंह मौजूद थे।

## अमृतसर में सीमा पार नारको नेटवर्क का भंडाफोड़, 7.6 किलो हेरोइन सहित दो गिरफ्तार

पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़/अमृतसर।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों के अनुसार पंजाब को नशा मुक्त राज्य बनाने के लिए चलाई जा रही मुहिम के दौरान बड़ी सफलता हासिल करते हुए अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस ने सीमा पार से संचालित नारको-तस्करी नेटवर्क से जुड़े दो गुर्गों को 7.6 किलोग्राम हेरोइन और 21,800 रुपये की ड्रग मनी सहित गिरफ्तार करके इस नेटवर्क का पर्दाफाश किया है। यह जानकारी आज यहां पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) पंजाब गौरव यादव ने दी।

गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की पहचान साहिबप्रीत सिंह उर्फ साहिब (19), निवासी फतेहगढ़ चूड़ियां, बटाला और वर्तमान पता छेहरटा, अमृतसर तथा गगनदीप सिंह उर्फ गगन (26) निवासी गुरु नानकपुरा, कोट खालसा, अमृतसर के रूप में हुई है। दोनों मुलजिम आपराधिक पृष्ठभूमि वाले हैं और इनके खिलाफ आर्म्स एक्ट तथा लूटपाट से संबंधित मामले दर्ज हैं।

डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि गिरफ्तार किए गए मुलजिम वर्चुअल नंबरों के माध्यम से दुबई स्थित एक हैंडलर के संपर्क में थे, जो पाकिस्तान से ड्रोन के जरिए हेरोइन की खेप भेजना सुनिश्चित करता था और पिकअप स्थानों तथा सप्लाई चेन के बारे में निर्देश देता था। उन्होंने बताया कि दुबई स्थित हैंडलर नशीले पदार्थों के कई नेटवर्क चला रहा है और 43 किलोग्राम हेरोइन की बरामदगी से संबंधित एक बड़े एनडीपीएस केस से भी जुड़ा हुआ है। डीजीपी ने बताया कि इस नेटवर्क के आगे-पीछे के संबंधों का पता लगाने के लिए जांच जारी है।

## एक नजर

### पं. दीनदयाल उपाध्याय का जीवन राष्ट्रसेवा और समर्पण का अनुपम उदाहरण है: नितिन कपूर

**यमुनानगर.** भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्य, प्रखर राष्ट्रवादी चिंतक एवं महान दार्शनिक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि के अवसर पर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष नितिन कपूर ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। नितिन कपूर ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जीवन राष्ट्रसेवा, सादगी और समर्पण का अनुपम उदाहरण है। उन्होंने एकात्म मानववाद का दर्शन देकर भारतीय राजनीति को नई वैचारिक दिशा प्रदान की। उनका मानना था कि विकास का वास्तविक उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक सुख-सुविधाएं और सम्मान पहुंचाना है। अंत्योदय की भावना उनके चिंतन का मूल आधार रही, जो आज भी विभिन्न नीतियों और योजनाओं में परिलक्षित होती है। उन्होंने कहा कि पंडित जी ने भारतीय संस्कृति, राष्ट्रवाद और आत्मनिर्भरता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। उनका विश्वास था कि भारत अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़कर ही सशक्त और समृद्ध बन सकता है। आज आत्मनिर्भर भारत की दिशा में हो रहे प्रयास उनके विचारों से प्रेरित हैं। कार्यक्रम के दौरान दो मिनट का मौन रखकर पंडित दीनदयाल उपाध्याय को श्रद्धासुमन अर्पित किए गए तथा उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने और समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए कार्य करने का संकल्प लिया गया।

### बढ़ता कर्ज़, घटती जिम्मेदारी, देश और हरियाणा दोनों की वित्तीय हालत चिंताजनक : सैलजा

**सिरसा.** सिरसा की सांसद, पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव कुमारी सैलजा ने केंद्र सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहा है कि पिछले एक दशक में देश की अर्थव्यवस्था को विकास के नाम पर कर्ज़ के सहारे चलाया गया है। संसद में प्रस्तुत आधिकारिक आंकड़े इस बात की गवाही देते हैं कि 31 मार्च 2014 को केंद्र सरकार पर 58.6 लाख करोड़ का कर्ज था, जो 2024-25 में बढ ?र 185.95 लाख करोड़ हो गया है। कुमारी सैलजा ने कहा कि केवल 10 वर्षों में 127 लाख करोड़ से अधिक का नया कर्ज जोड़ दिया गया। यह वृद्धि सामान्य नहीं, बल्कि देश की वित्तीय सेहत पर एक गंभीर प्रश्नचिन्ह है। सरकार विकास के बड़े-बड़े दावे करती है, लेकिन हकीकत यह है कि देश को कर्ज़ के बोझ तले दबाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जब सरकार से इस पर जवाब मांगा जाता है तो कहा जाता है कि कर्ज़ का जीडीपी अनुपात नियंत्रण में है, लेकिन आम जनता यह जानना चाहती है कि यदि इतनी भारी उधारी ही अच्छी अर्थव्यवस्था का पैमाना है, तो फिर किसी भी घाटे में चल रही कंपनी को सफल कहा जा सकता है। कुमारी सैलजा ने कहा कि केवल केंद्र सरकार ही नहीं, हरियाणा की वित्तीय स्थिति भी बेहद चिंताजनक है। राज्य में बुजुर्गों की पेंशन में कटौती की जा रही है, 'लाडो लक्ष्मी' जैसी योजनाओं को विभाजित किया जा रहा है, और किसानों को समय पर मुआवजा नहीं मिल पा रहा। यह दर्शाता है कि सरकार के पास लोकहित योजनाओं को चलाने के लिए पर्याप्त संसाधन नहीं बचे हैं। उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार का दावा करने वाली भाजपा सरकार असल में डबल कर्ज़ की सरकार बन चुकी है जहां विकास नहीं, बल्कि उधार के सहारे व्यवस्था चलाई जा रही है।

### बुढ़ापा पेंशन पर बच्चों की आय को मापदंड बनाने का हरियाणा सरकार का फैसला, बुजुर्गों के सम्मान एवं गरिमा पर सीधा हमला : राव नरेंद्र सिंह

**चंडीगढ़.** हरियाणा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने राज्य सरकार के उस फैसले की तीखी निंदा की है, जिसमें बुढ़ापा पेंशन की पात्रता तय करने के लिए बच्चों की आय को आधार बनाया जा रहा है। उन्होंने इसे पूरी तरह संवेदनहीन, जनविरोधी और बुजुर्ग-विरोधी नीति करार दिया है, जो बुजुर्गों की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाला है। राव नरेंद्र सिंह ने कहा, बुढ़ापा पेंशन कोई सरकार की मेहरबानी नहीं, बल्कि बुजुर्गों का संवैधानिक एवं नैतिक अधिकार है। बुजुर्गों को सम्मान देने और उनकी स्वाभिमानपूर्ण जिंदगी सुनिश्चित करने के लिए यह योजना शुरू की। आज सरकार बच्चों की आय के आधार पर माता-पिता की पेंशन रोकने या काटने की कोशिश कर रही है ङ्क यह न केवल अमानवीय है, बल्कि सामाजिक न्याय, पारिवारिक मूल्यों और बुजुर्गों के अपमान का प्रतीक है। उन्होंने आगे कहा कि वर्तमान दौर में 3-4 लाख रुपये की वार्षिक आय को संपन्नता मानना हास्यास्पद है। जब महंगाई आसमान छू रही है, इलाज के खर्चे भारी पड़ रहे हैं, घरेलू जरूरतें पूरी करना मुश्किल हो गया है, तो ऐसी आय वाले परिवारों को भी पेंशन से वंचित करना सरकार की जन-विरोधी मानसिकता को उजागर करता है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि सरकार जानबूझकर ऐसे कठोर, अव्यावहारिक और मनमाने मापदंड लागू कर रही है, ताकि हजारों-लाखों बुजुर्गों को इस हक से महरूम किया जा सके। यह नीति बुजुर्गों को आत्मनिर्भर बनाने के बजाय उन्हें बच्चों पर आश्रित बनाती है, जबकि वास्तविकता यह है कि कई बुजुर्ग अकेले रहते हैं, उनके बच्चे दूर हैं या पारिवारिक सहयोग नहीं मिल पाता। राव नरेंद्र सिंह ने हरियाणा सरकार से मांग की है कि यह जन-विरोधी शर्त तत्काल वापस ली जाए और सभी पात्र बुजुर्गों को बिना किसी भेदभाव के बुढ़ापा पेंशन प्रदान की जाए, ताकि उनके सम्मान और अधिकारों की रक्षा हो सके। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि सरकार ने यह फैसला वापस नहीं लिया, तो हरियाणा कांग्रेस बुजुर्गों के सम्मान, गरिमा और उनके हक की रक्षा के लिए सड़कों से लेकर विधानसभा तक हर स्तर पर आंदोलन करेगी। पार्टी बुजुर्गों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी रहेगी।

### हरियाणा लोक सेवा आयोग भर्ती घोटाले, अवैध कॉलोनियों और बुढ़ापा पेंशन मुद्दे पर युवा कांग्रेस का भाजपा सरकार पर हमला

**करनाल।** हरियाणा युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष निशित कटारिया ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार के राज में हरियाणा लोक सेवा आयोग द्वारा की जा रही भर्तियों में जमकर घोटाला किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेशभर में भाजपा के नेता अवैध कॉलोनियां काटने में लगे हैं और सरकार बुजुर्गों की बुढ़ापा पेंशन काटने में लगी है। इन्हीं सब मुद्दों को लेकर निशित कटारिया ने भारतीय जनता पार्टी सरकार पर तीखा हमला बोला। वे करनाल की जाट धर्मशाला में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इस दौरान उनके साथ युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष रजत लाठर भी मौजूद रहे। निशित कटारिया ने आरोप लगाया कि हरियाणा लोक सेवा आयोग की भर्ती प्रक्रियाओं में पारदर्शिता की कमी है और योग्य युवाओं के साथ अन्याय हो रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश का युवा लंबे समय से सरकारी नौकरियों की तैयारी कर रहा है, लेकिन भर्ती प्रक्रियाओं में गड़बड़ियों और कथित अनियमितताओं के कारण उनका भविष्य अधर में लटक गया है। कटारिया ने मांग की कि सभी विवादित भर्तियों की निष्पक्ष न्यायिक जांच कराई जाए और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। अवैध कॉलोनियों के मुद्दे पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेशभर में बिना मूलभूत सुविधाओं के कॉलोनियां विकसित की जा रही हैं, जिससे आम नागरिक ठगी का शिकार हो रहे हैं।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय मानते थे, सत्ता सुख का साधन नहीं, बल्कि सेवा का माध्यम है : मुख्यमंत्री नायब सैनी

- पंचकमल में समर्पण दिवस पर सैनी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर उन्हें नमन किया
- सबसे अधिक सामाजिक पेंशन देने वाला हरियाणा देश का पहला राज्य

पंचकूला ऑब्जर्वर संवाददाता



**पंचकूला।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि राजनीति सत्ता का साधन नहीं, बल्कि सेवा का मार्ग है। विचार, संस्कार और समर्पण ही हमारी पहचान हैं। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के बताए अंत्योदय के मार्ग पर चलते हुए भाजपा सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुंचाने का कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बुधवार को पंचकूला स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय पंचकमल में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर आयोजित ''समर्पण दिवस'' कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने केंद्र व राज्य सरकार की योजनाएं भी गिनवाई। मुख्यमंत्री ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।

नायब सिंह सैनी ने कहा कि पंडित दीन दयाल जी एक ऐसे राजनेता थे, जिन्हे सत्ता का कोई आकर्षण नहीं था, उनका जीवन गरीब व्यक्ति को कैसे सशक्त और मजबूत किया जाए इसके लिए वे दिन रात काम में लगे रहते थे। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल जी ईमानदारी के प्रतिमूर्ति थे, दलगत राजनीति से ऊपर उठ कर राष्ट्र सेवा में निरंतर लगे रहते थे और राष्ट्र सेवा को ही अपना धर्म मानते थे।

श्री सैनी ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की अद्भुत प्रतिभा को देखकर डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने कहा था कि अगर मुझे दो और दीनदयाल मिल जाए तो मैं भारत की राजनीति का नक्शा बदल दूंगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय ''श्री इन वन'' थे, वो एक समर्पित राजनेता, एक महान चिंतक और कुशल संगठनकर्ता थे। सीएम सैनी ने कहा कि पंडित दीन दयाल उपाध्याय ने भारतीय जीवन दर्शन, भारतीय रीति नीति, संस्कृति, परम्पराओं तथा सामाजिक ताने-बाने के अनुरूप एकात्म मानववाद और अंत्योदय जैसे कालजयी सिद्धांतो का प्रतिपादन किया था। उपाध्याय जी कहा करते थे कि समाज की प्रगति का मूल्यांकन शिखर पर खड़े व्यक्ति से नहीं, बल्कि अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति की हालत से होना चाहिए। उनका मानना था कि जब तक समाज का अंतिम व्यक्ति सशक्त नहीं होगा तब तक राष्ट्र सशक्त नहीं हो सकता। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि पीएम मोदी अंत्योदय के सिद्धांत के अनुरूप सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मूलमंत्र को आगे बढ़ाने का कार्य कर रहे है। प्रधानमंत्री ने बिना किसी भेदभाव के हर पात्र व्यक्ति तक तमाम योजनाओ का लाभ पहुंचाने का संकल्प लिया है। कोरोना काल में देश का एक भी व्यक्ति भूखे पेट ना सोए ऐसी व्यवस्था प्रधानमंत्री मोदी ने कोरोना काल में की थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों के अनुरूप हमारी सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत एक लाख 60 हजार लोगो को मकान बनाकर चाबियां सौंपने का काम किया है। जिन लोगों के पास जमीन नहीं थी उन्हें मकान बनाकर देने का काम भाजपा सरकार ने किया है। हमारी सरकार ने लगभग 27 हजार परिवारों को 100 गज के प्लॉट दिए हैं।

विपक्ष की सरकारों पर निशाना साधते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्ष की सरकारें वोट बैंक की राजनीति करती है। कांग्रेस ने गरीब लोगों को 100 गज के प्लॉट देने की बात कही, लेकिन ना तो कागज दिए और ना ही कब्जा दिया। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने गरीब लोगों को प्लॉट के कागज भी दिए और कब्जा भी देने का काम किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि शहरों में भी मुख्यमंत्री शहर आवास योजना के तहत हरियाणा में 14 शहरों के अंदर लगभग 15 हजार 500 लोगों को 30 गज के प्लॉट दिए हैं।

नायब सैनी ने कहा कि हमारी सरकार हर 10 किलोमीटर पर मॉडल संस्कृति स्कूल बनाने का काम कर रही है। बेटियों के लिए हर 20 किलोमीटर पर पर कॉलेज खोलने का काम भाजपा सरकार कर रही है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों को पीएम मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार धरातल पर उतार रही है। गरीब लोगों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए सरकार गरीब कल्याण के कार्यक्रम लगातार चला रही है।

श्री सैनी ने कहा कि हरियाणा में लगभग 41 लाख परिवारों को मुफ्त राशन दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हाल ही में सरकार ने विभिन्न योजनाओं के तहत 1500 करो? रुपये लोगों के खातों में ट्रांसफर किए हैं। हरियाणा में 15 लाख परिवारों को 500 रुपये में गैस सिलेंडर दिए जा रहे हैं। डा. भीम राव अंबेडकर आवास योजना के तहत मकान की मरम्मत के लिए सरकार ने 80 हजार रुपये देने का काम किया है। हरियाणा में 76 हजार 985 लाभार्थियों के बैंक खातों में 716 करो? रुपये ट्रांसफर करने का काम हमारी सरकार ने किया है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान करते हुए कहा कि सेवा हमारी जिम्मेदारी है। अगर किसी व्यक्ति को सरकार की योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है तो उसकी सहायता करें।

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि 2014 से पहले गरीब व्यक्ति को बीमार होने पर इलाज की चिंता होती थी। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने हरियाणा में करीब डेढ़ करोड़ लोगों को आयुष्मान और चिरायु कार्ड दिए हैं। अब गरीब लोगों को इलाज की चिंता नहीं है। सरकार ने किडनी के मरीजों की डायलिसिस को सरकारी अस्पतालों में फ्री करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा के 10 जिलों में स्थित सरकारी अस्पतालों में सारी सुविधाएं मरीजों को दी जा रही है और जल्द ही पूरे प्रदेश के अस्पतालो में सुविधाएं मिलनी शुरू हो जाएगी। गरीब व्यक्ति के लिए 450 कैंसर की दवाएं भी मुफ्त उपलब्ध कराई जा रही है। मोदी सरकार ने बजट में कैंसर की दवाओं को सस्ती करने का काम किया है ताकि गरीब व्यक्ति आसानी से इलाज करा सके।

नायब सैनी ने कहा कि भाजपा सरकार जो कहती है वह करके दिखाती है। लाडो लक्ष्मी योजना के तहत महिलाओं के लिए सरकार ने बजट में 5000 करो? रुपये का प्रावधान किया है। उन्होंने कहा कि देश में सबसे अधिक सामाजिक पेंशन देने वाला हरियाणा पहला राज्य है। सरकार गरीब व्यक्ति के दुर्घटना होने पर उनके परिवार को 5 लाख रुपये आर्थिक सहायता देती है। विवाह शगुन योजना के तहत भी सरकार 71 हजार रुपये गरीब बेटियों की शादी के लिए दे रही है। सरकार ने गरीब छात्रों को मुफ्त वर्दी, लेखन सामग्री और फीस दे रही है।

## हरियाणा सीएम बताएं, उनकी सरकार बढ़ोतरी करने की बजाय पेंशन काट क्यों रही हैः दुष्यंत चौटाला

चंडीगढ़। हरियाणा के पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा है कि नायब सिंह सैनी को राज्य का मुख्यमंत्री बने दो साल पूरे होने वाले हैं, लेकिन इन दो सालों में अब तक नायब सरकार ने बुजुर्गों को एक रुपए भी बढ़ाकर बुढ़ापा पेंशन नहीं दी है। उन्होंने कहा कि बुढ़ापा पेंशन बढ़ाने की बजाय नायब सरकार ने हजारों बुजुर्गों की पेंशन जरूर काटी है। दुष्यंत चौटाला ने सीएम से सवाल करते हुए पूछा कि बीजेपी सरकार बुढ़ापा पेंशन की बढ़ोतरी की घोषणा करने के बाद उसे लागू करने में आनाकानी क्यों कर रही है? चार महीने पहले बुढ़ापा पेंशन में बढ़ोतरी की वाहवाही लेकर सरकार बुजुर्गों, विधवाओं और विकलांगों का हक क्यों दबाए हुए है।



यही नहीं, हजारों बुजुर्गों को इस योजना से बाहर क्यों किया जा रहा है? पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने कहा कि नायब सैनी मार्च 2024 में प्रदेश के मुख्यमंत्री बने थे और 17 अक्टूबर 2025 को नायब सरकार की पहली वर्षगांठ पर दिवाली गिफ्ट के नाम पर खुद मुख्यमंत्री ने बुढ़ापा पेंशन 200 रुपए बढ़ाने की घोषणा की थी और कहा था कि एक नवंबर 2025 से 3200 रुपए बुढ़ापा पेंशन का फैसला लागू हो जाएगा।

दुष्यंत चौटाला ने कहा कि ये घोषणा केवल झूठी वाहवाही वाली घोषणा बनकर ही रह गई है, क्योंकि दिवाली के बाद अब होली का त्यौहार भी आने वाले है, लेकिन अभी तक एक रुपए भी बढ़कर बुढ़ापा पेंशन बुजुर्गों को नहीं मिली। उन्होंने कहा कि इस बार भी बुजुर्गों को पूर्व गठबंधन सरकार द्वारा बढ़ाई गई तीन हजार रूपए प्रतिमाह के हिसाब से बुढ़ापा पेंशन मिली है। उन्होंने कहा कि आज भी भाजपा सरकार उतनी ही पेंशन दे रही है जितनी गठबंधन सरकार के तहत हमने बढ़वाई थी।

पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि भाजपा सरकार जननायक चौधरी देवीलाल द्वारा बुजुर्गों के सम्मान में लागू की गई बुढ़ापा पेंशन योजना का मजाक बना रही है, जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा द्वारा कभी परिवार पहचान पत्र में आय ज्यादा दिखाकर पेंशन काटी जा रही है तो कभी झूठी घोषणाएं करके बुजुर्गों के साथ बड़ा धोखा किया जा रहा है।

दुष्यंत चौटाला ने कहा कि बुढ़ापा पेंशन बुजुर्गों का हक है और उस पर किसी भी हाल में आंच नहीं आनी चाहिए। उन्होंने सरकार से मांग करते हुए कहा कि बुजुर्गों को न केवल बढ़ी हुई पेंशन मिलनी चाहिए बल्कि जिन हजारों बुजुर्गों की पेंशन सरकार द्वारा काटी गई है, उसे भी तुरंत बहाल किया जाए।

### नेहरू ने जमीन बेची, इंदिरा ने पीओके और चिकन नेक के साथ जमीन लेने के अवसर गवाए : विज

**चंडीगढ़।** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने भारत-अमेरिका ट्रेड डील पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बयान पर कड़ा पलटवार करते हुए कहा कि राहुल गांधी 95वीं बार चुनाव हारकर अपने होश खो चुके हैं। उन्होंने कहा कि भारत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथ में जितना आज सुरक्षित है उतना पहले कभी नहीं था। इसी प्रकार, उन्होंने कहा कि वंदेमातरम गाते हुए अनेकों स्वतंत्रता सेनानियों ने अपना बलिदान दिया, उसे मान्यता मिली है और अनिवार्य किया गया है कि हर सरकारी कार्यक्रम में इसको गाया जाए। पत्रकारों से बातचीत के दौरान मंत्री अनिल विज ने सलाह देते हुए कहा कि राहुल गांधी को अपने परिवार का इतिहास जानना चाहिए, नेहरू जी ने 38 हजार स्क्वेयर किलोमीटर जगह चीन को बेच दी थी। इसी तरह, 1971 युद्ध में इंदिरा गांधी ने 90 हजार युद्ध बंदी (पीओडब्ल्यू) जो हमारे पास थे वो पाकिस्तान को दे दिए, अगर चाहते तो उनका सौदा कर पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) मांग सकते थे। हमने जंग में बंगलादेश को मुक्त कराया था। आज वहां चिकन नेक (भारत के पूर्वोत्तर राज्यों को शेष भारत से जो ?ने वाला मार्ग) का इतना महत्व है, अगर ये चाहते तो बांगलादेश के ऊपर की जमीन मांग सकते थे।

शहर की सड़कों पर अवैध कब्जों का पहरा

## अवैध कब्जों के कारण राहगीरों का निकलना दूभर, भाजपा विधि प्रकोष्ठ ने उठाई आवाज



**भिवानी/चरखी दादरी.** दादरी शहर की लाइफलाइन मानी जाने वाली सडकों पर अवैध अतिक्रमण ने आम जनता का जीना मुहाल कर दिया है। शहर के व्यस्ततम रोहतक चौक से लेकर किला रोड तक, हालात इतने बदतर हो गए हैं कि पैदल चलने वालों के लिए बना फुटपाथ अब दुकानदारों और रेहड़ी चालकों की जागीर बन चुका है। इस ज्वलंत मुद्दे को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) विधि प्रकोष्ठ के जिला संयोजक अधिवक्ता कुलवंत फौगाट ने मोर्चा खोल दिया है।

अधिवक्ता कुलवंत फौगाट ने समाधान शिविर में सौंपे पत्र में कड़ा रोष जताते हुए कहा कि रोहतक चौक, जहां पुलिस चौकी भी स्थित है, वहां फुटपाथों पर पूरी तरह कब्जा कर लिया गया है। दुकानदारों ने अपनी दुकानों के बाहर अवैध रूप से होर्डिंग, बैनर और फ्लैक्स बोर्ड लगा दिए हैं, वहीं रेहड़ी चालकों ने सडक के दोनों किनारों को घेर लिया है। अधिवक्ता कुलवंत फौगाट ने कहा कि जब फुटपाथों पर कब्जा होगा, तो राहगीर मजबूरन सडक के बीच में चलेंगे। इससे ना केवल यातायात बाधित हो रहा है, बल्कि आए दिन छोटे-बड़े हादसे हो रहे हैं। प्रशासन की नाक के नीचे कानून की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि यह समस्या केवल रोहतक चौक तक सीमित नहीं है। जिला न्यायालय (कोर्ट परिसर) के सामने किला रोड पर भी स्थिति चिंताजनक है। फौगाट ने बताया कि किला रोड पर सडक के ऊपर ही स्टॉल लगाकर कब्जा किया गया है। कोर्ट आने वाले सैकड़ों लोगों और वकीलों को हर रोज जाम के झाम से जूझना पड़ता है। पुरानी अनाज मंडी और काठ मंडी जाने वाले रास्तों का भी यही हाल है। उन्होंने मांग की कि अंबेडकर चौक से रेलवे रोड और रोहतक चौक से किला रोड तक तुरंत अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जाए, सडक के दोनों तरफ लगे अवैध होर्डिंग्स और फ्लैक्स बोर्ड को जब्त किया जाए, नियमित गश्त सुनिश्चित की जाए ताकि फुटपाथों को दोबारा खाली कराया जा सके। इस अवसर पर रमेश फौगाट, मोनू कुमार, राकेश कुमार, सुरेश, भूपेंद्र, अजीत सिंह सहित अन्य नागरिक भी मौजूद रहे।

रोष | शिक्षा बोर्ड कर्मचारियों का हल्ला बोल

## सरकार की कुठाराघाती नीतियों के खिलाफ की एक दिवसीय हड़ताल

पंचकूला ऑब्जर्वर संवाददाता

भिवानी. हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड कैंपस वीरवार को नारों और विरोध प्रदर्शन की गूंज से सराबोर रहा। विभिन्न ट्रेड यूनियनों के संयुक्त आह्वान पर हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड कर्मचारी संगठन-1016 (संबद्ध सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा) ने सरकार की नीतियों के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए एक दिवसीय सफल हड़ताल की। सभा के पश्चात सभी बहादुर कर्मचारी, किसान और मजदूर संगठनों के साथ मिलकर नेहरू पार्क पहुंचे। यहां उन्होंने सरकार की दोगली नीतियों के खिलाफ एक विशाल जुलूस निकाला और जमकर नारेबाजी की। इस दौरान शिक्षा बोर्ड के कुल 206 कर्मचारियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर हड़ताल को सफल बनाया। कर्मचारियों में सरकार की कार्यप्रणाली को लेकर गहरा रोष देखने को मिला, जिसे उन्होंने शिक्षा के मूलभूत ढांचे पर प्रहार करार दिया। हड़ताल के दौरान कर्मचारियों ने मुख्य रूप से पीएम श्री और मॉडल संस्कृति स्कूलों को हरियाणा बोर्ड से हटाकर सीबीएसई से जोडने के फैसले का पुरजोर विरोध किया। कर्मचारी नेताओं का आरोप है कि सरकार धीरे-धीरे राज्य शिक्षा बोर्ड के महत्व को कम कर रही है। इस मौके पर प्रधान सत्यवीर स्वामी ने संबोधित करते हुए कहा कि सरकार शिक्षा के ढांचे को ध्वस्त कर कॉर्पोरेट जगत के लिए सस्ते मजदूर तैयार करने की राह पर है। उन्होंने कहा कि वार्षिक परीक्षाओं के सिर पर होने के बावजूद बोर्ड में स्थाई अध्यक्ष की अनुपस्थिति पर भी सवाल उठाए गए। मांग की गई कि जल्द नियुक्ति हो ताकि परीक्षा व्यवस्था सुचारु रहे। उन्होंने कहा कि सरकार शिक्षा के अधिकार और बोर्ड की स्वायत्तता से खिलवाड़ कर रही है। यदि हमारी मांगें नहीं मानी गईं, तो यह आंदोलन और उग्र होगा। इस विरोध प्रदर्शन का संचालन महासचिव सोमवीर पूनिया ने किया, जबकि अध्यक्षता संयुक्त रूप से सत्यवीर स्वामी और संदीप मुंढाल ने की। इस आंदोलन को न केवल बोर्ड कर्मचारियों, बल्कि जिला और ब्लॉक स्तर के विभिन्न छात्र एवं मजदूर संगठनों का भी समर्थन मिला। उन्होंने कहा कि यदि सरकार ने शिक्षा बोर्ड के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए ठोस कदम नहीं उठाए तो इस एकदिवसीय हड़ताल को अनिश्चितकालीन हड़ताल में बदलने में देर नहीं लगेगी। इस अवसर पर इस दौरान हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड कर्मचारी संगठन-1016 व तृतीय श्रेणी कर्मचारी संगठन-1580 के वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे।




### एनएबीएल मान्यता से बढ़ती है परीक्षण परिणामों की सटीकता :अरोड़ा

चंडीगढ़। क्वालिटी एश्योरेंस अथॉरिटी (क्यूएए) के चेयरपर्सन राजीव अरोड़ा ने कहा कि वर्तमान तकनीकी और नियामकीय परिवेश में एनएबीएल मान्यता प्राप्त प्रयोगशालाएं अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने बताया कि यह मान्यता प्रयोगशाला की तकनीकी दक्षता, निष्पक्षता और अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप कार्यप्रणाली की औपचारिक पुष्टि करती है, जिससे परीक्षण परिणामों की विश्वसनीयता और सटीकता सुनिश्चित होती है। क्वालिटी एश्योरेंस अथॉरिटी (क्यूएए), हरियाणा ने राष्ट्रीय परीक्षण एवं अंशांकन प्रयोगशाला प्रत्यायन बोर्ड (एनएबीएल) के सहयोग से पंचकूला में एक दिवसीय संगोष्ठी एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया।

# खतरे में फिल्म इंडस्ट्री, रोहित शेट्टी और रणवीर सिंह के बाद सलमान के खास को मिली धमकी


मशहूर अभिनेता रणवीर सिंह को अज्ञात व्यक्तियों की ओर से व्हाट्सएप के जरिए धमकी मिलने के बाद मुंबई पुलिस ने उनके आवास के बाहर सुरक्षा बढ़ा दी है। पुलिस सूत्रों ने कहा कि मुंबई अपराध शाखा और साइबर सेल 'वॉयस नोट के स्रोत की जांच कर रहे हैं और भेजने वाले की पहचान करने के लिए 'डिजिटल फुटप्रिंट की जांच कर रहे हैं। धमकी में कथित तौर पर करो?ों रुपये रकम की मांग की गयी है तथा इसके लॉरेंश बिश्नोई गिरोह से जु? होने का संदेह है। अब खबर आ रही है कि सलमान खान के करीबी को भी धमकी दी गई है. साथ ही करोड़ों रुपयों की मांग भी की गई है। धमकी देने वाले ने खुद को लॉरेंस बिश्नोई गैंग का सदस्य बताया है और करोड़ों रुपये की वसूली की मांग की है। यह मामला फिल्म निर्माता रोहित शेट्टी के आवास के बाहर इसी तरह की धमकी और गोलीबारी की घटना के बाद आया है जिसमें पांच गिरफ्तारियां हुई थीं। रणवीर सिंह और उनकी पत्नी दीपिका पादुकोण के मध्य मुंबई के प्रभादेवी स्थित हाउसिंग सोसाइटी वाले घर में सुरक्षा क?ी कर दी गयी है और छह सशस्त्र गार्ड तैनात कर दिये गए हैं। सूत्रों ने बताया कि' ब्यू मोंडेआवासीय टावर की प्रबंध समिति ने सिंह के फ्लैट में सोसाइटी की अनुमति के बिना निजी सशस्त्र सुरक्षा गाडरं की तैनाती के संबंध में दादर पुलिस स्टेशन से संपर्क किया है। उल्लेखनीय है कि पिछले दो सप्ताह से अधिक समय से, बॉलीवुड की करीब एक दर्जन हस्तियों को बिश्नोई गिरोह का सदस्य होने का दावा करने वाले व्यक्तियों से कथित तौर पर धमकी भरे फोन आए हैं। अब तक कोई शिकायत या प्राथमिकी दर्ज नहीं की गयी है। बताया जा रहा है कि अधिकांश मशहूर हस्तियों ने अज्ञात नंबरों को ब्लॉक कर दिया है या अपरिचित कॉल का जवाब देना बंद कर दिया है। बिश्नोई गिरोह का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है। सलमान खान के आवास के बाहर गोलीबारी, पिछले साल राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या और रोहित शेट्टी के घर पर हमले के बाद मुंबई के फिल्म जगत में डर का माहौल बना हुआ है।



## नोरा फतेही ने रचा इतिहास

# फीफा वर्ल्ड कप 2022 और टी20 वर्ल्ड कप 2026 में परफॉर्म कर बनीं पहली बॉलीवुड स्टार, अंतरराष्ट्रीय मंच पर चमकीं

बॉलीवुड की दमदार परफॉर्मर नोरा फतेही ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर ऐसा नाम लिखा है, जो अब तक किसी भारतीय कलाकार के हिस्से में नहीं आया। नोरा ने फीफा वर्ल्ड कप 2022 और आईसीसी मेंस टी20 वर्ल्ड कप 2026 दोनों के समारोहों में शानदार परफॉर्मेंस दी, जिससे वे पहली बॉलीवुड कलाकार बन गई हैं जिन्होंने दोनों विश्व कप पैटर्न के मंचों पर अपनी कला का जादू दिखाया है। जहां फीफा वर्ल्ड कप 2022 कतर में आयोजित हुआ था, नोरा ने इसके समापन समारोह में ऑफिशियल एंथम 'स्ङ्घद्दद्धह्ल ञ्जद्धद्ग स्ह्म4' के हिस्से के रूप में परफॉर्म किया था। इस आयोजन का ग्लोबल प्रसारण हुआ और करोड़ों दर्शक इससे जुड़े थे। नोरा ने मंच पर न सिर्फ आकर्षक डांस किए, बल्कि हिंदी अंश भी पेश किए, जिसे आयोजकों ने बहुभाषी प्रस्तुति के रूप में शामिल किया था। यह भारतीय मनोरंजन उद्योग के लिए एक बड़ा पल था क्योंकि किसी बॉलीवुड कलाकार को इतने प्रमुख अंतरराष्ट्रीय आयोजन का हिस्सा बनने का मौका पहले नहीं मिला था। फिर, टी20 वर्ल्ड कप 2026 के उद्घाटन समारोह में भी नोरा ने धमाकेदार परफॉर्मेंस दी। यह समारोह खेल और एंटरटेनमेंट का एक शानदार मिश्रण था, जिसमें नोरा ने स्टेज को जीवंत कर दिया। उनके लाइव डांस मूव्स और ऊर्जा ने स्टेडियम में मौजूद दर्शकों के साथ ही टीवी और डिजिटल दर्शकों को भी मंत्रमुग्ध कर दिया। इस तरह की उपस्थिति ने यह स्पष्ट कर दिया कि अब



खेल आयोजनों में सिर्फ खेल तक सीमित नहीं है। वह अब एक ग्लोबल मनोरंजन का महाकुंभ बन चुका है। विशेषज्ञों के अनुसार, नोरा की भागीदारी स्पोर्ट्स-एंटरटेनमेंट इकोनॉमी के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। आज बड़े खेल आयोजनों में पॉप कल्चर और परफॉर्मिंग आर्ट्स को प्रमुख स्थान दिया जा रहा है, जो आयोजन की ग्लोबल अपील को और बढ़ाता है। नोरा फतेही की यह अनूठी उपलब्धि दर्शाती है कि भारतीय कलाकार अब वैश्विक स्तर पर कैसे पहचान बना रहे हैं।



# अभिनेत्री सम्युक्ता का सबसे दमदार रूप

## स्वयंभू के टीज़र में वॉरियर अवतार ने मचाया तहलका



अपनी पिछली फिल्मों की कामयाबी पर सवार सम्युक्ता ने स्वयंभू के टीज़र में ऐसा पावरफुल इम्पैक्ट छोड़ा है कि नज़र हटाना मुश्किल हो जाए। इस बार वो नज़र आती हैं एक भयंकर योद्धा के रूप में, जो अफरातफरी को चीरते हुए पूरे कॉन्फिडेंस और इंटेंसिटी के साथ आगे बढ़ती है। गूंथी हुई चोटी, युद्ध के लिए तैयार तेवर, और रफ-टफ योद्धा वेशभूषा में सम्युक्ता कच्ची ताकत और अटूट इरादे का प्रदर्शन करती दिखती हैं। उनका किरदार शब्दों से नहीं, एक्शन से बोलता है और हर फ्रेम ये इशारा देता है कि वो अपने करियर के सबसे साहसी क्रिएटिव फेज़ में कदम रख चुकी हैं। ये भूमिका इसलिए भी खास लगती है क्योंकि इससे पहले उनका परफॉर्मेंस ट्रैक रिकॉर्ड बेहद मजबूत रहा है। भीमला नायक में उन्होंने अपनी दमदार मौजूदगी से सबको प्रभावित किया, बिम्बिसार में पौराणिक दुनिया को एक्सप्लोर किया, विरुपाक्ष में थ्रिल का तड़का लगाया और सर में जमीन से जुड़ा अभिनय पेश किया। अब स्वयंभू में ऐसा लगता है जैसे इन सभी अनुभवों का संगम दिख रहा हो और सम्युक्ता खुद का और भी ताकतवर संस्करण बनकर सामने आई हों।

टीज़र में वो एक निडर और बेखौफ योद्धा के रूप में दिखती हैं, जो जेंडर की तय सीमाओं को चुनौती देते हुए तीखे एक्शन सीक्वेंस में कमान अपने हाथ में लेती है। कभी धनुष-बाण साधती हुई, तो कभी तलवार लहराती हुई — हर सीन इस बात का सबूत है कि

इस किरदार के लिए उन्होंने जबरदस्त शारीरिक ट्रेनिंग और तैयारी की है।

सम्युक्ता कहती हैं, स्वयंभू मेरे दिल के बेहद करीब है क्योंकि मैंने हमेशा ऐसे किरदार चुने हैं जो मुझे मेरे कम्फर्ट ज़ोन से बाहर ले जाएं। इस भूमिका ने मुझे शारीरिक और मानसिक, दोनों स्तर पर ऐसी चुनौती दी जैसा पहले कभी महसूस नहीं किया। एक गांव की महिला की आत्मा और शक्ति को समझने से लेकर घुड़सवारी और तीरंदाजी की कड़ी ट्रेनिंग तक, ये सफर बेहद गहन और परिवर्तनकारी रहा। इस किरदार में वो सब कुछ है जिसका एक अभिनेता सपना देखता है — ताकत, संवेदनशीलता और एक मजबूत आवाज़।

इस उग्र योद्धा रूप में ढलना मेरे करियर के सबसे संतोषजनक अनुभवों में से एक रहा है। स्वयंभू के अलावा भी सम्युक्ता के पास कई दिलचस्प प्रोजेक्ट्स लाइनअप में हैं, जहां वो अपनी बढ़ती रेंज दिखाती नजर आएंगी। जल्द ही वो ब्लैक गोल्ड में एक सशक्त पुलिस अधिकारी के रूप में फिल्म को लीड करेंगी और साथ ही पुरी जगन्नाथ की स्लम डॉग में विजय सेतुपति और तब्बू के साथ स्क्रीन साझा करती दिखाई देंगी।

## संजय कपूर की संपत्ति विवाद

# पत्नी प्रिया कपूर ने सास रानी पर झूठी गवाही का आरोप लगाया, बोलीं- अदालत के साथ की धोखाधड़ी




बॉलीवुड एक्ट्रेस करिश्मा कपूर के एक्स-हसबैंड और बिजनेसमैन संजय कपूर के निधन के बाद उनकी प्रॉपर्टी को लेकर विवाद जारी है। इसी बीच संजय कपूर की तीसरी पत्नी प्रिया कपूर ने अपनी सास रानी कपूर पर झूठी गवाही देने का आरोप लगाया है। प्रिया कपूर ने इस संबंध में एक याचिका भी दायर की है। इतना ही नहीं, उन्होंने आरके फैमिली ट्रस्ट के खिलाफ दायर दीवानी मुकदमे को पूरी तरह खारिज करने की मांग की है। याचिका में प्रिया ने कहा कि रानी कपूर ने झूठे बयान देकर और महत्वपूर्ण तथ्यों को छिपाकर अदालत के साथ धोखाधड़ी की है। यह कानूनी प्रक्रिया का घोर दुरुपयोग है।दरअसल, दिल्ली हाईकोर्ट ने बुधवार को दिवंगत संजय कपूर की मां रानी कपूर से उनकी बहू प्रिया कपूर की उस याचिका पर जवाब मांगा है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि पारिवारिक ट्रस्ट के खिलाफ दायर उनकी सास का मुकदमा झूठे बयानों पर आधारित है। जस्टिस मिनी पुष्करणा ने प्रिया कपूर की याचिका पर रानी कपूर को नोटिस जारी किया है। इस याचिका में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत झूठी गवाही के आरोप में उनके खिलाफ कार्रवाई शुरू करने की मांग की गई है। अदालत ने रानी कपूर को अपना जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। मुकदमे की सुनवाई के दौरान दायर आवेदन में आरोप लगाया गया है कि हलफनामों और तस्वीरों जैसे 'पुख्ता सबूत' मौजूद हैं, जो यह दर्शाते हैं कि रानी कपूर ने शपथपत्र में जानबूझकर झूठा बयान दिया। आवेदन में कहा गया है कि उन्होंने यह दावा किया था कि उन्होंने 'आरके फैमिली ट्रस्ट डीड' पर हस्ताक्षर नहीं किए थे या उसमें लिखी बातों को नहीं पढ़ा था। अपनी याचिका में रानी कपूर (80) ने कहा है कि अक्टूबर 2017 में उनके नाम पर गठित ट्रस्ट के लिए जाली, धोखाधड़ी वाले दस्तावेजों का इस्तेमाल किया गया। उन्होंने प्रतिवादियों अपनी बहू प्रिया कपूर और पोते-पोतियों समेत अन्य लोगों को किसी भी तरह से आरके फैमिली ट्रस्ट का इस्तेमाल करने या उसके सपोर्ट में कार्य करने से स्थायी रूप से रोकने के लिए निर्देश देने का अनुरोध किया है।रानी कपूर की याचिका में कहा गया है कि वह अपने दिवंगत पति सुरिंदर कपूर की संपूर्ण संपत्ति की एकमात्र लाभार्थी थीं और जब संपत्ति आरके फैमिली ट्रस्ट' को हस्तांतरित की गई थी तब उनके साथ सुनियोजित तरीके से धोखाधड़ी की गई थी। सुरिंदर कपूर 'सोना ग्रुप ऑफ कंपनीज' समेत विभिन्न व्यवसायों के ओरिजनेटर थे। याचिका में दावा किया गया है कि संजय ने अपनी मृत्यु तक रानी कपूर को कभी यह कन्फर्म नहीं की कि वास्तव में उन्हें उनके सभी अधिकारों, संपत्तियों और विरासत से वंचित कर दिया गया था और न ही उन्हें कथित 'आरके फैमिली ट्रस्ट' की एक प्रति प्रदान की।

# चॉकलेट और टॉफी से बच्चे हो रहे हैं चिड़चिड़े, खिलाने से पहले लें डॉक्टर की सलाह


आजकल बच्चों में चिड़चिड़ापन और गुस्सा बढ़ने के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं, और इसके पीछे मुख्य वजह है ज्यादा मीठा और प्रोसेस्ड फूड। चॉकलेट, टॉफी, कुकीज और कोल्ड ड्रिंक जैसी चीजें बच्चों को अस्थायी रूप से खुश और हाइपरएक्टिव तो बना देती हैं, लेकिन बाद में ब्लड शुगर गिरने के कारण वे जल्दी चिड़चिड़े और गुस्सैल हो जाते हैं। एक्सपर्ट्स का कहना है कि बच्चों को मीठा खिलाने से पहले डॉक्टर या न्यूट्रिशन एक्सपर्ट की सलाह लेना जरूरी है, ताकि उनके स्वास्थ्य और व्यवहार पर नकारात्मक असर न पड़े।

जब बच्चे टॉफी या चॉकलेट खाते हैं तो उनके दिमाग में डोपामाइन हार्मोन रिलीज होता है, जिससे वह कुछ समय के लिए हाइपर एक्टिव और खुश दिखते हैं। लेकिन जैसे ही ब्लड शुगर का स्तर तेजी से गिरता है, बच्चा अचानक



चिड़चिड़ा और गुस्सैल हो जाता है। पिछले दस साल में बच्चों को आसानी से प्रोसेस्ड फूड उपलब्ध होने के कारण ऐसे मामले बढ़े हैं। इसके अलावा, ज्यादा चीनी का सेवन मोटापे का कारण भी बन रहा है।

आठ साल के एक बच्चे की स्कूल से शिकायत आती थी कि वह क्लास में ध्यान नहीं दे पा रहा। जांच में पता चला कि वह रोज कुकीज, चॉकलेट और पेस्ट्री खाता था। जैसे ही रिफाइंड शुगर कम की गई, बच्चा अधिक शांत और फोकस्ड हो गया। 12 साल की एक बच्ची का वजन 75 किलो हो गया। इसके पीछे कारण था अधिक कोल्ड ड्रिंक, बिस्किट और पेस्ट्री का सेवन।



धीरे-धीरे उसका स्वभाव भी चिड़चिड़ा होने लगा। डॉक्टरों ने इसकी मुख्य वजह अत्यधिक चीनी को बताया।

**कैसे करें मीठे का सही सेवन:** एक्सपर्ट्स और डॉक्टर्स के अनुसार बच्चों को एकदम मीठा बंद करने की बजाय धीरे-धीरे कम करना चाहिए। इसके लिए कुछ आसान उपाय हैं। नेचुरल शुगर अपनाएं- रिफाइंड शुगर की जगह फल, खजूर, गुड़ दें। बच्चों के सामने खुद ताजा फलों का जूस पीएं और घर में हमेशा फल की बास्केट रखें। भूख लगने पर बच्चे फल ही खाएं। चॉकलेट की बजाय नट्स और होममेड हेल्दी विकल्प दें। बच्चों को स्कूल कैंटीन में भी स्वस्थ विकल्प उपलब्ध कराना जरूरी है। इन उपायों से न केवल बच्चों की चिड़चिड़ाहट कम होगी, बल्कि उनका स्वास्थ्य और वजन नियंत्रित रहेगा।

# छिलका उतार कर खाएंगे ये 4 सब्जियां तो नहीं मिलेगा कोई फायदा

अक्सर हम सब्ज़ी बनाते समय सबसे पहले उसका छिलका उतार देते हैं। हमें लगता है कि इससे सब्जी ज्यादा साफ और स्वादिष्ट हो जाएगी, लेकिन क्या आप जानते हैं कि कुछ सब्जियों के छिलके ही सबसे ज्यादा पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं? अगर आप इन सब्जियों का छिलका उतारकर खाते हैं, तो अनजाने में फाइबर, विटामिन, मिनरल्स और एंटीऑक्सीडेंट्स जैसे जरूरी पोषक तत्वों से खुद को वंचित कर लेते हैं। डॉक्टर के अनुसार, कुछ सब्जियों को अच्छी तरह धोकर छिलके समेत खाना ज्यादा फायदेमंद होता है। आइए जानते हैं ऐसी 4 सब्जियां, जिन्हें भूलकर भी छिलना नहीं चाहिए।

### आलू

आलू का छिलका फाइबर, पोटैशियम और आयरन से भरपूर होता है।
पाचन को बेहतर बनाता है
लंबे समय तक पेट भरा रखता है
ब्लड प्रेशर कंट्रोल करने में मदद करता है
अगर आलू ऑर्गेनिक हो और अच्छी तरह धोया गया हो, तो छिलके समेत पकाकर खाना ज्यादा फायदेमंद होता है।

### खीरा

खीरे के छिलके में भरपूर मात्रा में फाइबर और विटामिन च पाया जाता है।
शरीर को हाइड्रेट रखता है
हार्ट हेल्थ के लिए फायदेमंद
वजन कंट्रोल और पाचन सुधार में मददगार
ध्यान रखें कि खीरा ताजा और साफ हो, तभी छिलके के साथ खाएं।

### बैंगन

बैंगन के छिलके में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स शरीर को फ्री रेडिकल्स से बचाते हैं।
दिल की सेहत के लिए लाभकारी
सूजन कम करने में मदद
कुछ हद तक कैंसर के खतरे को कम करने में सहायक। इसलिए बैंगन को पकाते समय उसका छिलका न हटाएं।

### गाजर

गाजर का छिलका भी पोषण से भरपूर होता है।



फाइबर की अच्छी मात्रा
आंखों की रोशनी के लिए फायदेमंद
शरीर की सूजन कम करता है
बस गाजर को अच्छे से धो लें, छिलका उतारने की जरूरत नहीं होती।
सब्जियों को खाने से पहले बरते ये सावधानीयां
सब्जियां हमेशा अच्छी तरह धोकर ही छिलके समेत खाएं
अगर सब्जी पर वैक्स या कीटनाशक लगे हों, तो छिलना बेहतर है
ऑर्गेनिक सब्जियों का इस्तेमाल ज्यादा सुरक्षित होता है। हर सब्जी का छिलका बेकार नहीं होता। सही जानकारी और साफ-सफाई के साथ इन सब्जियों को छिलके समेत खाने से आपकी सेहत को ज्यादा फायदा मिल सकता है।



प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी : श्री शिवम ग्रोवर, मुद्रक : इंप्रेशन प्रिंटिंग प्रेस एंड पैकेजिंग लिमिटेड, भूतल प्लांट नं.-22, प्रथम तल, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-2, पंचकूला में मुद्रित। प्रकाशन स्थल : पंचकूला ऑब्जर्वर, प्लॉट नं.-365, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-1, पंचकूला। मुख्य संपादक : श्री अरुण ग्रोवर, समाचार चयन एवं प्रकाशन की समस्त जिम्मेदारी प्रेस एवं रजिस्ट्रेशन ऑफ पीरियोडिकल्स (PRP) एक्ट के अंतर्गत पंचकूला न्यायालय क्षेत्राधिकार में निहित होगी। RNI पंजीकरण संख्या : HRB/L/25/A3417 संपर्क मोबाइल : 98888-86909, ई-मेल : panchkulaobservernews@gmail.com